राजभाषा पुरस्कार व प्रोत्साहन योजनाएं

सितंबर, 2025

राजभाषा विभाग

दक्षिण पश्चिम रेलवे, प्रधान कार्यालय, हुब्बल्लि

राजभाषा प्रयोग प्रसार संबंधी विभिन्न पुरस्कार व प्रोत्साहन योजनाएं

सितंबर, 2025 तक अद्यतन

<table>
<tr><th>क्र.सं</th><th>राजभाषा पुरस्कार / प्रोत्साहन योजनाएं</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>रेलवे बोर्ड की व्यक्तिगत नकद पुरस्कार योजना
कलैंडर वर्ष के दौरान सरकारी कामकाज में हिंदी का सराहनीय व प्रशंसनीय कार्य करने वाले मुख्यालय / मंडल / कारखाना से एक अधिकारी या एक कर्मचारी को प्रतिवर्ष रेलवे बोर्ड द्वारा ₹ 3000/- नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार जे. ए. ग्रेड के तक अधिकारियों को दिया जा सकता है। इसके लिए हिंदी भाषी अधिकारी व कर्मचारी का न्यूनतम 75% व अहिंदी भाषी न्यूनतम 50% कार्य हिंदी में होने चाहिए।

(प्राधिकार – रेलवे बोर्ड का दिनांक 20.09.2017 का पत्र सं. हिंदी – 2007/प्र. - 7/6/8)</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>क्षेत्रीय स्तर पर हिंदी निबंध ,वाक् तथा टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिताएं
<table>
<tr><th></th><th>हिंदी निबंध</th><th>हिंदी वाक्</th><th>हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन</th></tr>
<tr><td>प्रथम पुरस्कार</td><td>₹2000/-</td><td>₹2000/-</td><td>₹2000/-</td></tr>
<tr><td>द्वितीय पुरस्कार</td><td>₹1600/-</td><td>₹1600/-</td><td>₹1600/-</td></tr>
<tr><td>तृतीय पुरस्कार</td><td>₹1200/-</td><td>₹1200/-</td><td>₹1200/-</td></tr>
<tr><td>सांत्वना पुरस्कार (तीन)</td><td>₹ 800/-(प्रत्येक)</td><td>₹800/-(प्रत्येक)</td><td>₹800/- (प्रत्येक)</td></tr>
</table>
(प्राधिकार – रेलवे बोर्ड का दिनांक 26.06.2008 का पत्र सं. हिंदी – 2010/प्र. - 7/6)</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>रेलवे बोर्ड स्तर पर अखिल हिंदी निबंध ,वाक् तथा टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिताएं
<table>
<tr><th></th><th>हिंदी निबंध</th><th>हिंदी वाक्</th><th>हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन</th></tr>
<tr><td>प्रथम पुरस्कार</td><td>₹5000/-</td><td>₹5000/-</td><td>₹5000/-</td></tr>
<tr><td>द्वितीय पुरस्कार</td><td>₹4000/-</td><td>₹4000/-</td><td>₹4000/-</td></tr>
<tr><td>तृतीय पुरस्कार</td><td>₹3000/-</td><td>₹3000/-</td><td>₹3000/-</td></tr>
<tr><td>सांत्वना पुरस्कार (5)</td><td>₹2500/- (प्रत्येक)</td><td>₹2500/- (प्रत्येक)</td><td>₹2500/-(प्रत्येक) (</td></tr>
</table>
(प्राधिकार – रेलवे बोर्ड का दिनांक 20.09.2017 का पत्र सं. हिंदी – 2007/प्र.-7/6/4)</td></tr>
<tr><td>4.</td><td>रेल मंत्री हिंदी निबंध प्रतियोगिता
यह रेलवे बोर्ड स्तर की पुरस्कार योजना है । इस प्रतियोगिता में सभी अधिकारी व कर्मचारी भाग ले सकते है जिन्होंने तीन माह की रेल सेवा पूरी कर ली हो । यह रेल प्रबंधन अथवा संचालन के किसी विषय पर हिंदी निबंध लेखन के लिए प्रदान किया जाता है । इसकी न्यूनतम शब्द सीमा 2000 तथा अधिकतम शब्द सीमा 2500 है ।
<table>
<tr><th>पुरस्कार राशि :</th><th></th><th>प्रथम पुरस्कार</th><th>द्वितीय पुरस्कार</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>राजपत्रित</td><td>₹6000/-</td><td>₹4000/-</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>अराजपत्रित</td><td>₹ 6000/-</td><td>₹4000/-</td></tr>
</table>
(प्राधिकार – रेलवे बोर्ड का दिनांक 26.06.2008 का पत्र सं. हिंदी – 2007/प्र. - 7/6)</td></tr>
</table>

5.	**लाल बहादुर शास्त्री तकनीकी मौलिक लेखन पुरस्कार योजना** तकनीकी रेल विषयों पर हिंदी में मौलिक पुस्तकें लिखने पर इस योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित पुरस्कार दिये जाते हैं। यह रेलवे बोर्ड स्तर की प्रतियोगिता है। **पुरस्कार राशि** प्रथम ₹ 20,000/- द्वितीय ₹ 10,000/- तृतीय ₹ 7,000 /- ***(प्राधिकार – रेलवे बोर्ड का दिनांक 20.09.2017 का पत्र सं. हिंदी – 2007/प्र. - 7/6/2)***
6.	**प्रेमचंद पुरस्कार योजना** यह पुरस्कार कथा / कहानी/ उपन्यास / गद्य संग्रह के लिए प्रदान किया जाता है। यह रेलवे बोर्ड स्तर की प्रतियोगिता है। **पुरस्कार राशि** प्रथम- ₹ 20,000/- द्वितीय ₹ 10,000/- तृतीय ₹ 7,000 /- **(प्राधिकार – रेलवे बोर्ड का दिनांक 20.09.2017 का पत्र सं. हिंदी – 2007/प्र. - 7/6/12)**
7.	**मैथिलीशरण गुप्त पुरस्कार योजना** यह पुरस्कार काव्य/ गजल संग्रह के लिए प्रदान किया जाता है। यह रेलवे बोर्ड स्तर का पुरस्कार है। **पुरस्कार राशि** प्रथम- ₹20,000/- द्वितीय ₹ 10,000/- तृतीय ₹ 7,000 /- **(प्राधिकार – रेलवे बोर्ड का दिनांक 20.09.2017 का पत्र सं. हिंदी – 2007/प्र. - 7/6/12)**
8.	**रेल यात्रा वृतांत पुरस्कार योजना** रेल यात्राओं संबंधी अनुभव के आधार पर रेलों द्वारा अपनी छवि को और उजागर करने के उद्धेश्य से रेल मंत्रालय, रेलवे बोर्ड ने अखिल भारतीय स्तर पर रेल यात्रा वृतांत पुरस्कार योजना लागू की है। इसमें भारत का कोई भी नागरिक भाग ले सकता है। **पुरस्कार राशि** **(I) ₹ 10,000/- (II) ₹ 8,000/- (III) ₹ 6,000/ प्रेरणा पुरस्कार (05) ₹ 4,000** **(प्राधिकार – रेलवे बोर्ड का दिनांक 20.09.2017 का पत्र सं. हिंदी – 2007/प्र. - 7/6/10)**
9.	**राजभाषा गौरव पुरस्कार योजना** इसके अंतर्गत तकनीकी मौलिक पुस्तक लेखन के लिए सेवारत/सेवानिवृत्त अधिकारी / कर्मचारियों को प्रदान किया जाता है। यह गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग स्तर की पुरस्कार योजना है। **पुरस्कार राशि** प्रथम पुरस्कार ₹ 1,00000/- प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न द्वितीय पुरस्कार ₹ 75, 000/- प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न तृतीय पुरस्कार ₹ 30,000/- प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न
10.	**राजभाषा गौरव पुरस्कार योजना** इसके अंतर्गत तकनीकी मौलिक पुस्तक लेखन के लिए सेवारत/ सेवानिवृत्त अधिकारी / कर्मचारियों को छोड कर अन्य प्रतिभागियों को प्रदान किया जाता है। **पुरस्कार राशि** प्रथम पुरस्कार ₹ 200000/- प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न द्वितीय पुरस्कार ₹ 1,25.000/- प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न तृतीय पुरस्कार ₹ 75,000/- प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न सांत्वना पुरस्कार ₹ 10,000/- (10) - प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्

11.	**हिंदी में मूल टिप्पण व आलेखन पुरस्कार योजना** इस योजना के अन्तर्गत वित्त वर्ष के दौरान टिप्पण आलेखन में हिंदी भाषी अधिकारी / कर्मचारी द्वारा कम से कम 20,000 शब्द तथा अहिंदी भाषी द्वारा कम से कम 10,000 शब्द हिंदी में लिखने पर एक यूनिट में 10 पुरस्कार प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया जाता है । यह पुरस्कार राशि मंत्रालय/ विभाग और उनके उनके अधीनस्थ / संबंद्ध कार्यालयों में समान रूप से लागू होगी । **प्रथम पुरस्कार** (दो) ₹5000/- **द्वितीय पुरस्कार** (तीन) ₹3000/- **तृतीय पुरस्कार** (पांच) ₹ 2000/-
12.	**अधिकाधिक डिक्टेशन देने पर अधिकारियों के लिए हिंदी डिक्टेशन पुरस्कार** इस पुरस्कार योजना में केवल वही अधिकारी भाग ले सकते जिनके पास आशुलिपिक की सुविधा उपलब्ध है। इस योजना के अन्तर्गत कलैंडर वर्ष के दौरान हिंदी भाषी अधिकारी के लिए न्यूनतम शब्द सीमा 20,000 व अहिंदी भाषी अधिकारी के लिए न्यूनतम शब्द सीमा 10,000 होगी । **पुरस्कार राशि ₹ 5,000/- प्रति हिंदी व अहिंदी भाषी अधिकारी** ***(प्राधिकार – रेलवे बोर्ड का दिनांक 20.02.2013का पत्र सं. हिंदी – 2013/प्र. - 7/4)***
13.	**उत्कृष्ट लेखों के लेखकों हेतु पुरस्कार योजना** केंद्र सरकार के कार्यरत / सेवानिवृत्त हिंदी भाषी व हिंदीतर भाषी लेखक वित्त वर्ष के आधार पर इस योजना में भाग ले सकते है। यह गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग स्तर की पुरस्कार योजना है। **पुरस्कार राशि** **हिंदी भाषी : प्रथम पुरस्कार – 20,000/- द्वितीय पुरस्कार – 18,000/- तृतीय पुरस्कार - ₹15,000/** **हिंदीतर भाषी : प्रथम पुरस्कार – 25,000/- द्वितीय पुरस्कार – 22,000/- तृतीय पुरस्कार - ₹20,00/**
14.	**अंग्रेजी के अतिरिक्त हिंदी में आशुलिपि एवं टाइपिंग कार्य करने के लिए प्रोत्साहन भत्ता** यह भत्ता उन अंग्रेजी आशुलिपिक / टंककों को देय होता है जो अंग्रेजी के साथ साथ हिंदी में कार्य करते है। इसके लिए प्रतिदिन औसतन 05 तथा प्रति तिमाही लगभग 300 टिप्पणियां / पत्र / मसौदे हिंदी में तैयार करते है। प्रथम 06 माह तक प्रति माह तथा उसके बाद प्रति तिमाही इस आश्य का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होता है। **आशुलिपिक** ₹ 240/- प्रति माह **टंकक** ₹160/- प्रति माह ***(प्राधिकार – रेलवे बोर्ड का दिनांक 20.06.2014 का पत्र सं. हिंदी – 2012/प्र. - 10/5)***
15.	**कमलापति त्रिपाठी राजभाषा स्वर्ण पदक** हिंदी के प्रयोग – प्रसार में प्रशंसनीय योगदान के लिए महाप्रबंधक एवं उनसे से ऊपर के स्तर के अधिकारियों के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा प्रदान किया जाता है । **कमलापति त्रिपाठी राजभाषा स्वर्ण पदक + ₹ 10,000/-** (एक पुरस्कार **)**
16.	**रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक** वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड के ऊपर के अधिकारियों के लिए हिंदी के प्रयोग – प्रसार में प्रशंसनीय योगदान के लिए रेलों / उत्पादन कारखानों के वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड एवं उनसे से ऊपर के स्तर के अधिकारियों को रेलवे बोर्ड द्वारा प्रदान किया जाता है । **रेल मंत्री राजभाषा पदक + ₹ 8,000/-** (तीस पुरस्कार**)**
17.	**अखिल रेल हिंदी नाट्योत्सव पुरस्कार योजना** प्रथम पुरस्कार द्वितीय पुरस्कार तृतीय पुरस्कार प्रोत्साहन पुरस्कार **₹ 5000/- + ट्रॉफी ₹ 4000/- + ट्रॉफी ₹ 3000/- + ट्रॉफी ₹ 2000/- + स्मृति चिन्ह** इसके अलावा विभिन्न विधाओं के 15 कलाकारों को 1000 – 1000 /- रुपए का पुरस्कार प्रदान किया जाता है।